रजिस्ट्रेशन क्र. 25433 स्थापना वर्ष 1991

# मध्य क्षेत्रीय गुजराती बाज खेड़ावाल समाज
## मुख्यालय – जबलपुर

135, संगम कॉलोनी, बल्देवबाग, जबलपुर म.प्र. 482002

---

पत्र क्रमांक –11/2025 दिनांक – 20/02/2025

## आम सभा एवं चुनाव की अधिसूचना

**प्रति,**

(1) समस्त आजीवन सदस्यगण

(2) अध्यक्ष/सचिव ('समाज' के सभी स्थायी संगठन)

..............................................

महोदय,

सूचित किया जाता है कि मध्य क्षेत्रीय गुजराती बाज खेड़ावाल समाज, मुख्यालय–जबलपुर की सामान्य सभा की एक द्विसीय बैठक दिनांक 23/03/2025 दिन रविवार को प्रातः 11 बजे से लगभग सायं 5 बजे तक बाज खेड़ावाल गुजराती भवन, 135 संगम कालोनी, बल्देवबाग, जबलपुर (म.प्र.) में आयोजित की जा रही है । यथा समय बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है ।

**बैठक की विषय सूची :–**

1. दीप प्रज्जवलन, बैठक का प्रारम्भ, स्व परिचय ।
2. सचिव का स्वागत उद्बोधन एवं प्रतिवेदन, पिछले कार्यवृतों का अनुमोदन ।
3. कोषाध्यक्ष की रिपोट, आय–व्यय एवं आडिट रिपोट का अनुमोदन ।
4. शिक्षा समिति, पत्रिका एवं वेबसाइट विषयों पर क्रमशः चर्चा ।
5. अध्यक्ष जी का उद्बोधन ।
6. संगठन, सामाजिक हित के कार्यालयीन, आर्थिक तथा नये उद्देश्यों पर चर्चा :–

(अ) आजीवन सदस्यता शुल्क को बढ़ाने व आजीवन सदस्यता फंड (सामान्य खाता) के माध्यम से पत्रिका फंड को बढ़ाने पर चर्चा ।

(ब) कार्यकारिणी समिति के वर्तमान दो वर्ष के कार्यकाल को तीन वर्ष किये जाने हेतु चर्चा ।

(स) ग्वारीघाट (पंडित जी के निवास पर) स्थित भवन के ऊपर दो कमरों के निर्माण तथा भविष्य के लिए सामाजिक आनंद आश्रय (वृद्धा आश्रम) की आवश्यकता पर चर्चा ।

क्रमशः 2

7. अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से ।

8. संगठन की नवीन कार्यकारिणी समिति के गठन की प्रक्रिया (चुनाव) – (दिनांक 09/02/2025 को सचिव के निवास पर मुख्यालय के पदाधिकारियों /कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक में हुई चर्चा व लिए गये निर्णय के अनुसार)

(अ) वर्तमान अध्यक्ष श्री अनिल धगट जी (दमोह) का संविधान अनुसार (लगातार दो बार) कार्यकाल पूर्ण हो रहा है अतः वे अब निवृतमान होंगे । आप मध्य क्षेत्रीय समाज के संस्थापक सदस्य व संविधान सभा के सदस्य रहें हैं । समय–समय पर आपके द्वारा संगठन का संविधान के अनुरूप मार्गदर्शन भी किया जाता रहा है । अतः आपको चुनाव अधिकारी के रूप में नवीन कार्यकारिणी के गठन/चुनाव प्रक्रिया को पूर्ण कराने का दायित्व सौंपा जा रहा है ।

(ब) सभा द्वारा पदाधिकारियों/कार्यकारिणी समिति का निर्वाचन प्रत्यक्ष रूप से किया जावेगा, जो उच्च पद से प्रारम्भ होगा । पद विशेष के लिए कोई एक सदस्य किसी एक सदस्य के नाम को प्रस्तावित करेगा – दूसरा कोई एक या अधिक सदस्य उसका समर्थन करेंगे । किसी पद पर एक से अधिक नाम के प्रस्ताव–समर्थन की स्थिति में चुनाव अधिकारी उपस्थित सदस्यों से हाथ खड़ा करवाकर, समर्थकों की गिनती करेंगे । संख्यात्मक स्थिति का निर्णय कर चुनाव अधिकारी प्रत्याशी को निर्वाचित घोषित करेंगे । अर्थात सदस्यों को अपना मत प्रत्यक्ष रूप से देना होगा ।

(स) प्रस्तावक–व्यक्ति विशेष से आवश्यक सहमति प्राप्त करने के बाद ही उसके नाम को प्रस्तावित करेंगे ।

(द) किसी भी व्यक्ति विशेष का नाम पूरी चुनाव प्रक्रिया में केवल एक ही बार प्रस्तावित किया जा सकेगा ।

(ड) निर्वाचन प्रक्रिया उपरान्त रिक्त पदों को चुनाव अधिकारी निर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा उनकी आपसी सहमति से तय सदस्य को मनोनित कर समिति को पूर्ण करेंगे ।

9. नव निर्वाचित अध्यक्ष/पदाधिकारियों का स्वागत व नव निर्वाचित अध्यक्ष का उद्बोधन ।

10. सभा समाप्ति के पूर्व दिवंगत सदस्यों को दो मिनिट की मोन श्रद्धांजलि ।

क्रमशः 3

**<u>नोट –</u>**

(अ) यह सूचना पत्र, सभी सदस्यों को (पूर्व में लिए निर्णय के अनुसार) केवल डिजिटल रूप से भेजा जा रहा है । आवश्यकता होने पर आप स्वयं इसका प्रिंट निकलवा लें । बैठक में उपस्थित सदस्यों को इस सूचना पत्र की प्रिंटेड प्रति बैठक सामग्री के साथ उपलब्ध कराई जायेगी ।

(ब) बैठक के प्रारम्भ में चाय, विस्किट, विषयांतर्गत चर्चा के बीच दोपहर एक से दो बजे का समय भोजनावकाश के लिए तथा सभा समाप्ति पर चाय–स्वल्पाहार की व्यवस्था रखी गई है ।

(स) संविधान की प्रति 'समाज' की वेबसाइट पर उपलब्ध है ।

(द) बैठक में उपस्थित सदस्य अपना आजीवन सदस्यता क्रमांक अवश्य याद रखें । सूची वेबसाइट पर भी उपलब्ध है ।

सादर

भवदीय

(सुधीर पंड्या)

सचिव